# औद्योगिक विकास के सपनों को लगेंगे पंख, बीडा का होगा विस्तार




## अगले साल आकार लेने लगेगा औद्योगिक शहर

बीडा के द्वितीय चरण की जमीन लेने की प्रक्रिया भी तेजी से जारी है। जमीन चिह्नित करने का काम लगभग पूरा हो चुका है। जल्द अन्य औपचारिकताएं पूरी कर जमीन क्रय की जाने लगेंगी। - **वरुण कुमार पांडेय, अपर जिलाधिकारी**

**अमर उजाला ब्यूरो**

झांसी। आगामी साल 2025 क्षेत्र के औद्योगिक विकास की दृष्टि से बेहद महत्वपूर्ण साबित होने वाला है। नए साल में बुंदेलखंड औद्योगिक विकास प्राधिकरण (बीडा) का विस्तार होगा। इतना ही नहीं, बीडा को धरातल पर आकार देने का भी काम शुरू होगा।

नोएडा की तर्ज पर झांसी में औद्योगिक शहर बीडा विकसित किया जा रहा है। यह झांसी सदर तहसील के 33 गांवों में बसाया जा रहा है। इसके लिए पहले 14,225 हेक्टेयर जमीन चिह्नित की गई थी। किसानों से जमीनों के बैनामे कराने की प्रक्रिया तेजी से जारी है और अब तक 5200 हेक्टेयर जमीन ली भी जा चुकी है।

इसके अलावा अब 8,600 हेक्टेयर जमीन और लेने की भी योजना तैयार कर ली गई है। यह जमीन भी पूर्व में चिह्नित 33 गांवों में ही ली जाएगी। इन जमीनों के गाटा संख्या चिह्नित कर लिए गए हैं। उम्मीद है कि आगामी वर्ष के जनवरी माह में चिह्नित जमीन का गजट प्रकाशन करने के बाद इसे क्रय करने की प्रक्रिया शुरू कर दी जाएगी।

इतना ही नहीं, साल 2025 में बीडा के आकार लेने की भी पूरी संभावनाएं नजर आ रहीं हैं। इसका मास्टर प्लान सिंगापुर की एक कंपनी द्वारा तैयार किया जा रहा है, जो अगले तीन माह में बनकर तैयार हो जाएगा